डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ

सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ – 226031

Ref. No.: AKTU/Dean-PGSR/2022/6715 Dated: 22 December, 2022

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य / समस्त विद्यार्थी
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एम0टेक0, एम0फार्म एवं
एम0आर्क पाठ्यक्रम संचालित करने वाले समस्त संस्थायें।

विषयः एम0टेक0, एम0फार्म एवं एम0आर्क पाठ्यक्रम के रेगुलर एवं कैरी ओवर विद्यार्थियों के डिजरटेशन (Dissertation) के मूल्यांकन एवं मौखिक परीक्षाओं के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / डीन0पी0जी0एस0आर0 / 2022 / 6637 दिनांक 29.10.2022 के क्रम में सूचित करना है कि सत्र 2021–22 के एम0टेक0, एम0फार्म एवं एम0आर्क पाठ्यक्रम के रेगुलर एवं कैरी ओवर छात्र / छात्राओं के डिजरटेशन **(Dissertation)** का मूल्यांकन एवं मौखिक परीक्षायें आफलाइन मोड में 30 दिसम्बर, 2022 को नोएडा एवं लखनऊ में आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है।

ऐसे छात्र जिनका प्रवेश सत्र **2015–16** एवं **2016–17** में हुआ हो तथा एम0टेक0, एम0फार्म एवं एम0आर्क प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर के सभी विषयों में उत्तीर्ण है और विश्वविद्यालय के आर्डिनेन्स में दी गयी व्यवस्था के अनुसार अधिकतम समय सीमा पूर्ण हो चुकी है; उन छात्रों के लिए डिजरटेशन का मूल्यांकन एवं मौखिक परीक्षा हेतु **एक विशेष अवसर प्रदान किया जा रहा है।** डिजरटेशन (Dissertation) मूल्यांकन पूर्व प्रभावी दिशा– निर्देशों (आर्डिनेन्स) के अनुसार होगा।

उक्त के अतिरिक्त, जिन छात्रों की मौखिक परीक्षायें नवम्बर माह में आयोजित हुई थी, किन्तु किन्ही कारणों से उक्त परीक्षा में सम्मिलित नही हुए थे, ऐसे छात्रों के सम्बन्ध में एम0टेक0, एम0फार्म एवं एम0आर्क के 2017–18 की डिजरटेशन (Dissertation) मूल्यांकन सत्र 2016–17 के दिशा–निर्देश (आर्डिनेन्स) के बिन्दु संख्या 20 द्वारा ही करायी जायेगी तथा सत्र 2018–19, 2019–20 एवं 2020–21 के लिए डिजरटेशन (Dissertation) मूल्यांकन सत्र 2018–19 के दिशा–निर्देश (आर्डिनेन्स) के बिन्दु संख्या 20 (निम्नलिखित) के अनुसार सम्पन्न करायी जायेगी।

उक्त के क्रम में सूचित करना है कि समस्त अर्ह छात्र / छात्राओं का आवेदन सम्बंधित संस्थान **अपने निदेशक ई0आर0पी0 लॉगिन** से **दिनांक 26** दिसम्बर, **2022** तक प्रत्येक दशा में प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगें, सम्बन्धित सभी Information/ Sessionals को सही से भरा जाना तथा थीसिस का M.S. Word Format में अपलोड किया जाना अत्यन्त आवश्यक होगा, तत्पश्चात छात्र अपनी ई0आर0पी0 लॉगिन से शुल्क का भुगतान करेंगें। शुल्क भुगतान के उपरान्त ही आवेदन स्वीकार किया जायेगा अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा। किसी अन्य माध्यम अथवा उक्त दिनांक के उपरान्त कोई आवेदन स्वीकार नही किया जाएगा।

जिन छात्रों की मौखिक परीक्षाएं नवम्बर 2022 आयोजित की गयी थी उनका परीक्षाफल **Repeat** हो गया था वह छात्र अर्ह नही होंगे।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को उपरोक्त के सम्बन्ध में सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

20.12.2022

(प्रो० एच०के० पालीवाल)
अधिष्ठाता, परास्नातक एवं शोध

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए०के०टी०यू०, लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक, ए०के०टी०यू०, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित है कि परीक्षा समिति की 76 वीं बैठक के मद संख्या 76.15 में लिए गए निर्णय के अनुसार उन छात्रों को अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें।
3. प्रभारी, ई०आर०पी०, ए०के०टी०यू०, लखनऊ।
4. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए०के०टी०यू०, लखनऊ को मा० कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो० एच०के० पालीवाल)
अधिष्ठाता, परास्नातक एव शोध